imma™

# Punjab Kesari

## Apeejay India Volunteer Awards

**Date: 30/09/2011 | Edition: Delhi | Page: 3 | Source: Bureau | Clip size (cm): W: 8 H: 22**

**Clip: 1 of 1**

# एपीजे इंडिया वालंटियर अवाइर्स



हाल ही में एपीजे सुरेंद्र समूह ने राजधानी में अपनी तरह के अनूठे 'एपीजे इंडिया वालंटियर अवाइर्स 2011' की घोषणा की। इन पुरस्कारों की घोषणा समूह के शताब्दी वर्ष में व्यक्तियों, गैर-सरकारी संगठनों तथा कंपनियों की सराहनीय स्वयंसेवी नीतियों एवं गतिविधियों को पुरस्कृत करने के मकसद से की गई।

आई वालंटियर तथा इंटरनेशनल बिजनेस लीडर्स फोरम के सहयोग से आयोजित इस पुरस्कार कार्यक्रम इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि यह यूएनओ द्वारा शुरू किए गए इंटरनेशनल ईयर आफ वालंटियरिंग ग्लोबली की 10वीं वर्षगांठ के मौके पर दिए जा रहे हैं।

इस अवसर पर केंद्रीय कानून एवं न्याय तथा अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री सलमान खुर्शीद मुख्य अतिथि थे और उन्होंने पुरस्कार प्रदान किए। पुरस्कारों के लिए एचएसबीसी, आईबीएम, जीएमआर, भारती एयरटेल, एमजंक्शन, टीसीएस, स्टैंडर्ड चार्टर्ड, फिडेलिटी, एसेंचर और बीडी जैसी कंपनियों को इंप्लाई वालंटियरिंग प्रोग्राम आफ द ईयर श्रेणी, ड्रीम ए ड्रीम, आपरेशन स्माइल, प्रोत्साहन इंडिया फाउंडेशन, सलाम बालक ट्रस्ट, विद्या पोषक, निष्ठा, ग्रेट फाउंडेशन तथा वाईपी फाउंडेशन का चयन वालंटियर इंवाल्विंग एनजीओ आफ द ईयर श्रेणी में किया गया।

इसी तरह, सामाजिक विकास से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में अथक प्रयासरत युवा स्वयंसेवियों में से वालंटियर आफ द ईयर श्रेणी के विजेता को चुना गया। इस अवसर पर करण पॉल, चेयरमैन, एपीजे सुरेन्द्र समूह ने कहा कि ये अवार्ड समुदायों के साथ हमारे इस जुड़ाव को और मजबूती देंगे और देश भर में स्वयंसेवी के तौर पर बदलाव लाने के इच्छुक लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत साबित होंगे। फ्लाविया पनसिएरी, कार्यकारी समन्वयक, यूनाइटेड नेशंस वालंटियर्स (यूएनवी) ने इस मौके पर बोन, जर्मनी से जारी अपने वीडियो संदेश में कहा कि हम इस पहल के लिए उन्हें बधाई देते हैं और निजी क्षेत्र में दूसरे भागीदारों को भी इसका अनुकरण करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवी गतिविधियां मानवता की अहम अभिव्यक्ति है और जमीनी स्तर पर बदलावों को प्रेरित करती हैं।

फीडे